भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
04.02.2026 के
अतारांकित प्रश्न सं. 879 का उत्तर

मदुरै में नया रेल मण्डल

879\. डॉ. गणपथी राजकुमार पी.:
श्री तमिलसेल्वन थंगा:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह तथ्य है कि तमिलनाडु का मदुरै रेलवे मंडल वर्तमान में केरल के तिरुवनंतपुरम रेलवे मंडल के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन कार्य कर रहा है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या केंद्र सरकार के पास तमिलनाडु के दक्षिणी जिलों की सुविधा हेतु मदुरै में एक नए रेलवे मंडल की स्थापना के संबंध में कोई अनुरोध प्राप्त हुआ है, जिसे दक्षिण रेलवे, चेन्नई मंडल, तमिलनाडु के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन कार्यशील किया जाना प्रस्तावित है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं; और

(ग) क्या सरकार का केरल के तिरुवनंतपुरम रेलवे मंडल से मदुरै रेलवे मंडल को अलग करने का भी कोई प्रस्ताव है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): मदुरै मंडल पहले से ही भारतीय रेल का एक मौजूदा मंडल है जो तिरुवनंतपुरम मंडल का स्वतंत्र रूप से कार्य करता है।

******